धार्मिक सभा (धर्म संसद)

3878. **श्री जनेश्वर मिश्र**: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि विवादित स्थिल पर ही राम मंदिर के निर्माण की रणनीति तय करने के लिए अक्टूबर माह में धर्म संसद आयोजित करने का निर्णय लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस आयोजन को रोकने के लिए कोई प्रयास कर रही है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) सरकार को अभी तक ऐसी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है।

ISI Funded Insurgency in Tamil Nadu

3879. SHRI N. THALAVAI SUNDARAM: Will tJie Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Inter-Services Intelligence of Pakistan is funding insurgency in Tamil Nadu;

(b) if so, what action has been taken and to prevent insurgency in Tamil Nadu; and

(c) whether any enquiry has been conducted in this regard; if so, the details thereof?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) There are reports suggesting links cf Pakistan ISI with certain organisations in Tamil Nadu.

(b) The Central Government after taking note of the ground level situation in Tamil Nadu has carefully emphasised on certain remedial measures such as relentless drive against fundamentalist and terrorist elements, optimum use of intelligence machinery, a definite Action Plan against the potential trouble makers, pursuing of confidence building measures more vigorously etc. Follow-up actions on these lines has been initiated by the State Government.

(c) Recent happenings in Tamil Nadu including the serial bomb blasts in Coimbatore on February 14, 1998 suspected to have l)een engiiieered by some foreign agencies are the subject matter of investigation by a Commission of Inquiry headed by Justice P.R. Gokulakrishanan, former Chief Justice of Gujarat.

लक्ष्मीबाई नगर में नई दिल्ली पालिका परिषद के आवासों का अधूरा निर्माण

3880. **श्रीमती मालती शर्मा**: क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पालिका ग्राम मार्ग, लक्ष्मीबाई नगर में नई दिल्ली पालिका परिषद् के निर्माणधीन मकान पिछले तीन साल से यथावत अधूरे पड़े हैं; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार को यह जानकारी है कि इस मार्ग पर हमेशा अन्धेरा रहता है, सीवर काम नहीं कर रहे हैं; भवन सामग्री सड़क पर फैली है जिसके कारण आधी से ज्यादा सड़क बन्द हो गई है, और पैदल यात्री भारी असुविधा का सामना कर रहे हैं;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार इन मकानों के निर्माण को जल्दी पूरा करने और सड़क को दुलुस्त करने के लिए क्या कदम उठा रही हैं?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी): (क) से (घ) जी हां, श्रीमान्। पालिका ग्राम मार्ग, लक्ष्मीबाई नगर में 45 क्वार्टरों का निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका क्योंकि जिस एजेंसी को ठेका दिया गया था उसने कार्य आंशिक रुप से करके, अप्रैल, 1995 में कार्य छोड़ दिया था। इस एजेन्सी का ठेका जनवरी, 1996 में रद्द कर दिया गया था और दो अन्य एजेन्सियों के साथ बातचीत करने के प्रयास किए गए थे लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इस कारण शेष कार्य को प्रतियोगी आधार पर निष्पादित करने के लिए नई निविदाएं आमंत्रित करना जरुरी हो गया। इसी बीच सड़क के साथ-साथ रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गयी, सीवर लाईन की मरम्सत की गयी और मलवा उठालिया गया है।